# 18 राजस्थान में ऊर्जा संसाधन

1. राजस्थान का निम्न में से कौनसा प्लांट 'सुपर थर्मल पावर स्टेशन' नहीं है?
(1) छबड़ा (बारां)　(2) अंता (बारां)
(3) कालीसिंध (झालावाड़)　(4) कवई (बारां)　(2)

**व्याख्या–** अंता गैस विद्युत परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 419.33 मेगावाट है, इसलिए यह प्लांट सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन की श्रेणी में नहीं आता।

2. 31 मार्च 2020 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान का पवन ऊर्जा से विद्युत उत्पादन करने में देश में स्थान है?
(1) दूसरा　(2) तीसरा
(3) चौथा　(4) पाँचवां　(4)

**व्याख्या–** भारत में पवन ऊर्जा के उत्पादन में प्रथम स्थान तमिलनाडु का है।

3. राज्य का तीसरा सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्थित है?
(1) छबड़ा (बारां)　(2) अंता (बारां)
(3) कालीसिंध (झालावाड़)　(4) कोटा　(1)

4. (REDA) राजस्थान ऊर्जा विकास अभिकरण की स्थापना की गई?
(1) 28 जनवरी 1988　(2) 21 जनवरी 1985
(3) 21 जनवरी 1987　(4) 18 फरवरी 1986　(2)

5. ऊर्जा संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 15 अक्टूबर　(2) 18 नवम्बर
(3) 14 दिसम्बर　(4) 19 जनवरी　(3)

**व्याख्या–** इस दिन राजस्थान सरकार ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को 'राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार' प्रदान करती है।

6. अमर सागर पवन ऊर्जा परियोजना स्थित है?
(1) प्रतापगढ़　(2) जैसलमेर
(3) बारां　(4) अलवर　(2)

**व्याख्या–** यह राजस्थान का प्रथम पवन ऊर्जा संयंत्र है, जो 21 अक्टुबर 1999 को प्रारम्भ हुआ। इसकी कुल उत्पादन क्षमता 2 मेगावाट है।

7. राज्य के किन तीन शहरों का सोलर सिटी के लिए चयन हुआ है ?
(1) अजमेर, जयपुर, जोधपुर
(2) अलवर, जयपुर, अजमेर
(3) उदयपुर, अजमेर, जोधपुर
(4) अलवर, अजमेर, उदयपुर　(1)

8. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना कब लांच की गई?
(1) 7 जुलाई, 2014　(2) 25 जुलाई, 2015
(3) 3 दिसम्बर, 2014　(4) 7 दिसम्बर, 2014　(2)

9. परम्परागत ऊर्जा के स्रोत (Conventional Energy Sources) में किसे शामिल नहीं करेंगे ?
(1) जल विद्युत　(2) आणविक ऊर्जा
(3) सौर ऊर्जा　(4) तापीय विद्युत　(3)

10. सूरतगढ़ तापीय विद्युत के केन्द्र (थर्मल पॉवर स्टेशन) की 7वीं ईकाई ने अपना संचालन (ऑपरेशन) कब आरम्भ किया है–
(1) मार्च 2019　(2) मार्च 2020
(3) मार्च 2018　(4) दिसम्बर 2018　(1)

11. राजस्थान के किस जिले में छबड़ा तापीय ऊर्जा केन्द्र स्थित है ?
(1) कोटा　(2) बाराँ
(3) झालावाड़　(4) सवाई माधोपुर　(2)

12. चम्बल परियोजना से राजस्थान को प्राप्त विद्युत मात्रा कितनी मेगावाट है ?
(1) 200 मेगावाट　(2) 193 मेगावाट
(3) 183 मेगावाट　(4) 450 मेगावाट　(2)

13. व्यास परियोजना के अन्तर्गत देहर व पोंग विद्युत गृहों में क्रमशः राजस्थान का कितना हिस्सा है ?
(1) 20.2%– 50%　(2) 20%– 58.5%
(3) 20%– 40%　(4) 20%– 45%　(2)

14. राज्य को सर्वाधिक जल विद्युत किस परियोजना से प्राप्त होती है ?
(1) चम्बल परियोजना　(2) भाखड़ा नाँगल परियोजना
(3) माही परियोजना　(4) व्यास परियोजना　(4)

15. राज्य को किस देश से ताला पन विद्युत परियोजना से विद्युत प्राप्त होती है।
(1) नेपाल　(2) भूटान
(3) पाकिस्तान　(4) चीन　(2)

**व्याख्या–** यह राजस्थान व भूटान की संयुक्त परियोजना है। यह राजस्थान की एकमात्र अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना है। इस परियोजना से राजस्थान को 57.685 मिलियन यूनिट विद्युत प्राप्त होती है।

16. सूरतगढ़ तापीय विद्युत केन्द्र 'थर्मल पॉवर स्टेशन' की वर्तमान में कितनी इकाइयाँ प्रचालन में है–
(1) 5　(2) 6
(3) 7　(4) 8　(4)

**व्याख्या–** सूरतगढ़ सुपर थर्मल पॉवर प्लांट में प्रारम्भ में स्थापित 6 इकाईयों का विवरण–
1. 250 मेगावाट – मई 1998
2. 250 मेगावाट – मार्च 2000
3. 250 मेगावाट – अक्टुबर 2001
4. 250 मेगावाट – मार्च 2002
5. 250 मेगावाट – जून 2003
6. 250 मेगावाट – मार्च 2009
सुपर क्रिटिकल प्लांट में स्थापित इकाईयों का विवरण–
7. 660 मेगावाट – मार्च 2019
8. 660 मेगावाट – अगस्त 2021

17. राजस्थान में व राजस्थान की हिस्सेदारी वाली परियोजनाओं में सबसे अधिक उत्पादन करने वाली जलविद्युत परियोजना कौनसी है ?
(1) माही बजाज सागर　(2) व्यास परियोजना
(3) चम्बल परियोजना　(4) भाखड़ा नांगल परियोजना
(4)

18. सौर ऊर्जा नीति मंजूर करने वाला देश का पहला राज्य है–
(1) राजस्थान (2) मध्यप्रदेश
(3) महाराष्ट्र (4) गुजरात (1)

19. वर्तमान में निम्न में से राजस्थान के किस पावर स्टेशन की अधिस्थापित क्षमता सर्वाधिक है–
(1) सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन
(2) कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन
(3) छबड़ा थर्मल पावर स्टेशन
(4) कालीसिंध थर्मल पावर स्टेशन (1)

**व्याख्या–** सूरतगढ़ प्लांट में 8वीं इकाई प्रारम्भ होने के बाद यहाँ की कुल उत्पादन क्षमता 2820 मेगावाट हो गई है।

20. फिरोज गाँधी ऊँचाहार ताप विद्युत परियोजना किस राज्य की परियोजना है ?
(1) बिहार (2) उत्तरप्रदेश
(3) मध्यप्रदेश (4) राजस्थान (2)

21. राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित स्वयं की प्रथम गैस आधारित विद्युत परियोजना कौनसी है ?
(1) रामगढ़ गैस परियोजना
(2) अन्ता गैस विद्युत परियोजना
(3) धौलपुर गैस परियोजना
(4) झामरकोटड़ा विद्युत सयंत्र, उदयपुर (1)

**व्याख्या–** ONGC द्वारा तनोट, डांडेवाला व मनिहारी टिब्बा से गैस उत्पादन किया जाता है तथा GAIL द्वारा पाईप लाईन से इस संयंत्र तक गैस पहुँचाई जाती है। इस संयंत्र को इंदिरा गाँधी नहर से जलापूर्ति होती है।

22. अंता गैस परियोजना को गैस आपूर्ति किसके द्वारा की जाती है ?
(1) HBJ पाइप लाइन द्वारा
(2) जामनगर–लोनी गैस पाइप लाइन द्वारा
(3) विजयपुर कोटा गैस पाइप लाइन द्वारा
(4) सलाया–मथुरा गैस पाइप लाइन द्वारा (1)

**व्याख्या–**हजीरा (गुजरात)– बिजयपुर (मध्यप्रदेश)– जगदीशपुर (उत्तरप्रदेश) पाईपलाईन की कुल लम्बाई 4659 किमी है। यह भारत की सबसे लम्बी प्राकृतिक गैस पाईप लाईन है। गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा इसकी देखभाल की जा रही है। इस पाईपलाईन से अंता गैस विद्युत गृह (बारां), खाद संयंत्र गढ़ेपान (कोटा), सिमकोर ग्लास फैक्ट्री (कोटा) एवं धौलपुर विद्युत संयंत्र को गैस आपूर्ति होती है।

23. भाखड़ा नांगल परियोजना की कुल विद्युत क्षमता कितनी है –
(1) 1480.3 MW (2) 1532.73 MW
(3) 1445.38 MW (4) 1336.60 MW (2)

24. राज्य की निजी क्षेत्र की प्रथम पवन ऊर्जा परियोजना कहाँ स्थापित की गई है ?
(1) देवगढ़ (प्रतापगढ़) (2) अमर सागर (जैसलमेर)
(3) बड़ा बाग (जैसलमेर) (4) हन्सुआ (जैसलमेर) (3)

25. राजस्थान में 'सौर तापीय अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्टता केन्द्र' कहाँ विकसित किया जाएगा ?
(1) जोधपुर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) चित्तौड़गढ़ (1)

26. राज्य का पहला मानवरहित स्वचालित 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन कहाँ शुरू हुआ?
(1) जोधपुर (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) अजमेर (1)

27. अंता गैस विद्युत परियोजना में राजस्थान की हिस्सेदारी कितनी है?
(1) 74.3 % (2) 19.81 %
(3) 100 % (4) 28.50 % (2)

**व्याख्या–**यह संयंत्र NTPC द्वारा संचालित है। इसकी कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 419.33 मेगावाट है। इसमें से राजस्थान की हिस्सेदारी 83.07 मेगावाट (19.81 %) है।

28. विश्व के सबसे बड़े सौर पार्कों में से एक जो राजस्थान में विकसित किया जा रहा है, स्थित है–
(1) भड़ला (जोधपुर) (2) अमरसागर (जैसलमेर)
(3) बाप (जोधपुर) (4) मथानियाँ (जोधपुर) (1)

29. विश्व की सौर ऊर्जा संचालित पहली नाव कहाँ चलाई गई थी–
(1) उदयपुर (2) जैसलमेर
(3) बारां (4) कोटा (1)

**व्याख्या–** उदयपुर की पिछोला झील में यह सौर ऊर्जा संचालित नाव प्रारम्भ की गई थी।

30. राजस्थान परमाणु विद्युत शक्ति गृह किसके द्वारा संचालित है–
(1) नाभिकीय ऊर्जा निगम
(2) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम
(3) National Hydro Power Corporation
(4) राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (1)

31. कोटा तापीय विद्युत केन्द्र 'थर्मल पॉवर स्टेशन' की कितनी इकाइयाँ प्रचालन में है–
(1) 5 (2) 6
(3) 7 (4) 8 (3)

**व्याख्या–** कोटा तापीय विद्युत संयंत्र की 7 इकाईयों का विवरण इस प्रकार है–
2 x 110 मेगावाट = 220 मेगावाट
2 x 210 मेगावाट = 420 मेगावाट
1 x 210 मेगावाट = 210 मेगावाट
1 x 195 मेगावाट = 195 मेगावाट
1 x 195 मेगावाट = 195 मेगावाट

32. बाड़मेर जिले में लिग्नाइट पर आधारित 1000 MW शक्ति परियोजना का प्रस्तावित स्थान है–
(1) पचपदरा (2) कपूरड़ी व जालिपा
(3) गिरल (4) भादरेस (2)

33. राजस्थान की पहली पवन ऊर्जा परियोजना कहाँ स्थापित हुई–
(1) हर्ष पर्वत (सीकर) (2) अमरसागर (जैसलमेर)
(3) फलौदी (जोधपुर) (4) बड़ा बाग (जैसलमेर) (2)

34. निम्न में से कौनसी बाहरी संस्था राजस्थान अक्षय ऊर्जा प्रसारण निवेश कार्यक्रम के लिये वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है–
(1) विश्व बैंक (2) KFW, जर्मनी
(3) JICA, जापान (4) एशियन विकास बैंक (4)

35. राजस्थान में गैर–परम्परागत स्रोतों से ऊर्जा के उत्पादन हेतु भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की नोडल एजेन्सी कौनसी है–
(1) राजस्थान ऊर्जा विकास अभिकरण
(2) राजस्थान स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(3) राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
(4) राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (4)

36. 'उदय' योजना का उद्देश्य है–
(1) सभी कृषि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली देना
(2) विद्युत वितरण कम्पनीयों को वित्तीय स्थिरता देना
(3) ग्रामीण क्षेत्र में छोटे सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करना
(4) जनजाति क्षेत्रें में निशुल्क विद्युत कनेक्शन देना (2)

**व्याख्या–** उदय योजना– उज्ज्वल डिस्कॉम इंश्योरेंस योजना का प्रारंभ 20 नवम्बर, 2015 को किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कर्ज में डूबी विद्युत कम्पनियों के वित्तीय रूप से दक्षता में सुधार लाना है। उदय योजना के अन्तर्गत समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने वाला राजस्थान देश का तीसरा राज्य है।

37. राज्य का पहला लिग्नाइट गैसीकरण तकनीक पर लिग्नाइट थर्मल पावर स्टेशन कहाँ स्थापित है?
(1) गिरल (2) बरसिंहसर
(3) भादरेस (4) सूरतगढ़ (1)

**व्याख्या–** इस परियोजना में लिग्नाईट को भूमि में ही गैस में परिवर्तित कर विद्युत उत्पादन किया जाता है। गिरल से निकलने वाले लिग्नाईट में सल्फर की मात्रा अधिक होने के कारण यह संयंत्र 2016 से बंद है।

38. चम्बल परियोजना में मध्यप्रदेश व राजस्थान की साझेदारी का अनुपात कितना है?
(1) 50 : 50 (2) 60 : 40
(3) 65 : 35 (4) 80 : 20 (1)

39. वर्तमान उत्पादन क्षमता के अनुसार निम्न में से असंगत है?

| विद्युत परियोजना | उत्पादन क्षमता |
|---|---|
| (1) छबड़ा तापीय | 2320 मेगावाट |
| (2) कोटा तापीय | 1240 मेगावाट |
| (3) कालीसिंध सुपर क्रिटीकल | 1200 मेगावाट |
| (4) सूरतगढ़ तापीय | 3020 मेगावाट |

(4)

**व्याख्या–** सूरतगढ़ तापीय संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 2820 मेगावाट (8 ईकाइयाँ) है।

40. मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना किस दिनांक को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रारम्भ की गई–
(1) 17 मार्च 2021 (2) 17 जून 2021
(3) 17 जुलाई 2021 (4) 17 अगस्त 2021 (3)

**व्याख्या–** इस योजना के तहत प्रदेश के मीटर्ड किसान उपभोक्ताओं को प्रतिमाह बिजली के बिल पर अनुदान दिया जाता है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication